समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# सचिन-विराट ने इस अंदाज मे मनाया मदर्स डे, कोहली ने वाइफ अनुष्का पर भी लुटाया प्यार ; देखे इंमोशनल फोटो।

Publisher

Published on 12 May 2025



## भारत के दिग्गज क्रिकेटर सचिन तेदुंलकर और विराट कोहली ने मदर्स डे पर बहुत खास तस्वीर शेयर की है.

मदर्स डे के मौके पर भारतीय क्रिकेटरों ने भी अपनी मां के लिए प्यार भरा संदेश भेजा है. दिग्गज क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर और विराट कोहली ने भी सोशल मीडिया के माध्यम से ऐसी तस्वीर शेयर की है, जिसे अब तक किसी ने नहीं देखा था. विराट कोहली पिछले दिनों टेस्ट क्रिकेट से रिटायरमेंट लेने की खबरों के कारण चर्चा में बने हैं. इस बीच आइए जानते हैं कि सचिन तेंदुलकर और विराट कोहली ने किस तरह अपनी मां को मदर्स डे विश किया है.

सचिन तेंदुलकर ने किया विश
सचिन तेंदुलकर ने अपनी मां, भाई और बहन के साथ तस्वीर साझा की है. उन्होंने इसके साथ कैप्शन में लिखा, “मैं आज जो कुछ भी हूं, वो सब मां की प्रार्थना से शुरू हुआ था. मेरी मां हमेशा से मेरा सहारा बनी रही हैं, ठीक वैसे जैसे दुनिया की हर मां अपने बच्चे के लिए रहती है. दुनिया की सभी मां को मैं मदर्स डे की शुभकामनाएं देता हूं.”

सचिन तेंदुलकर की मां का नाम रजनी तेंदुलकर है, 2025 में उनकी उम्र 87 साल है. सचिन तेंदुलकर ने अपने ऐतिहासिक क्रिकेट करियर में 34,357 रन बनाए. इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड अब भी उन्हीं के नाम है.

विराट कोहली ने शेयर की खास तस्वीर
विराट कोहली ने सोशल मीडिया पर 2 तस्वीर शेयर की हैं. पहले उन्होंने अनुष्का शर्मा की तस्वीर साझा की, जिसमें उन्होंने अपने

बच्चे को गोद में उठाया हुआ है. वहीं विराट ने अपने बचपन की फोटो भी शेयर की है, जिसमें वो अपनी मां के साथ दिख रहे हैं. उन्होंने कैप्शन में लिखा, "दुनिया की सभी मां को मदर्स डे की शुभकामनाएं." विराट ने कहा कि उनका मां के प्रति प्यार दिन प्रतिदिन बढ़ता ही गया है.

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.